आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 41.0 °c | 25.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.27 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.05 बजे |



# झारखंड विधानसभा में 24 समितियों का हुआ गठन, अधिसूचना जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने 2023-24 के लिए झारखंड विधानसभा में 24 समितियों का गठन किया है। इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार को विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी कर दी गयी है। सभी समितियों के सभापतियों के नाम की भी घोषणा कर दी गयी है। इन सभी समितियों का कार्यकाल एक साल का होगा। विशेषाधिकार समितिः रवींद्रनाथ महतो, याचिका समितिः रवींद्रनाथ महतो, नियम समितिः रवींद्रनाथ महतो, सामान्य प्रयोजन समितिःभूषण तिर्की, लोक लेखा समितिः नीलकंठ सिंह मुंडा, प्राक्कलन समितिःनिरल पूर्ति, सरकारी उपक्रमों संबंधी समितिःसरयू राय, सरकारी आश्वासन समितिः दीपक बिरुआ, प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समितिःडॉ सरफराज अहमद, प्रत्यायुक्त विधान समितिः बिनोद कुमार सिंह, जिला परिषद एवं पंचायती राजः रामदास सोरेन,निवेदन समितिःउमाशंकर अकेला, एसटी, एससी, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग समितिः लोबिन हेंब्रम, सदाचार समितिः रामचंद्र सिंह, पुस्तकालय विकास समितिः अपर्णा सेनगुप्ता, महिला एवं बाल विकास समितिः सीता मुर्मू, पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समितिःसबिता महतो, विधायक निधि अनुश्रवण समितिःसीपी सिंह, शून्यकाल समितिःप्रदीप यादव, गैर सरकारी संकल्प समितिःकेदार हाजरा, अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समितिः रामचंद्र चंद्रवंशी, युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकासःसुदेश महतो, आवास समितिः ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन को बनाया गया है।

# बिजली-पानी पर राज्य की प्रतिष्ठा के साथ खिलवाड़ कर रही है सरकार : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मंगलवार को सांसद संजय सेठ ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा। उनहोंने कहा कि राजधानी रांची में 7 से 8 घंटे ही लोगों को बिजली मिल पा रही है। बिजली की कटौती के वजह से पानी के लिए भी हाहाकार मचा हुआ है। इसी समस्या को लेकर उन्होंने कहा कि 24 मई बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का रांची आगमन है। वहीं, दूसरी तरफ पूरे राज्य में बिजली और पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं और उर्जा मंत्रालय भी इन्हीं के अधीन है। वहीं, उन्होंने कहा कि आखिर बिजली पानी के लिए मचा हाहाकार का जिम्मेवार कौन है ? मुख्यमंत्री का बिजली-पानी पर चुप्पी क्यों हैं। आखिर राज्य की जनता को जवाब कौन देगा। वहीं, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी चुप्पी तोड़िए और राज्य की जनता को जवाब दीजिए। सांसद ने कहा कि 24 मई को राष्ट्रपति के आगमन के साथ देश भर की मीडिया भी रहेगी। साथ ही कई अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति का गांव के लोगों के साथ और आम लोगों के साथ उनका संवाद होना है। उन्होंने कहा कि राज्य में बिजली-पानी के हाहाकार की जानकारी से राज्य की प्रतिष्ठा धूमिल होगी। वहीं, सांसद ने चेतावनी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की बिजली पानी पर चुप्पी ठीक नहीं है। अगर बिजली पानी की समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## प्रतुल शाहदेव का राज्यपाल से आग्रह

# शिक्षकों की छुट्टी में कटौती पर ध्यान दिया जाये

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय सीनेट के पूर्व सदस्य प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर राज्यपाल का ध्यान पूरे प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में चल रहे शिक्षकों के आंदोलन की तरफ आकृष्ट किया। प्रतुल ने कहा कि शिक्षकों का कहना है कि बिना किसी कारण की जानकारी दिये उनके ग्रीष्मकालीन अवकाश में भारी कटौती कर दी गयी। अवकाश के दौरान ही वे रिसर्च, सेमिनार और अन्य शैक्षणिक कार्य के लिए समय निकाल पाते हैं। प्रतुल ने कहा कि अगर प्रदेश के शिक्षक सड़कों पर हों तो इसका बहुत नकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि वह इस मामले पर संज्ञान लें। ट्वीट में उन्होंने मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री के कार्यालय को भी टैग किया है।

## 30 मई से लेकर 30 जून तक चलेगा भाजपा का जनसंपर्क अभियान

# नेता कार्यकर्ता बन कर जायें अंतिम व्यक्ति तक: दीपक प्रकाश

> हर बार भाजपा सरकार का लक्ष्य तय कर कार्य करें कार्यकर्ता
>
> केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ उसका लाभ भी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकताः अमर कुमार बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनसंपर्क अभियान के माध्यम से हर घर तक पहुंचाना है, ताकि देश की जनता न सिर्फ केंद्र में बल्कि राज्य में भी हर बार भाजपा सरकार बनाये। इसके लिए जरूरी है कि भाजपा के नेता कार्यकर्ता के रूप में आमजन तक अपनी पहुंच बनायें और जन संपर्क करें। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जनसंपर्क अभियान की तैयारी बैठक में प्रदेश और जिला के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि 30 मई 2023 से लेकर 30 जून 2023 तक चलनेवाले जनसंपर्क अभियान में भाजपा के कार्यकर्ता बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और समाज के अंतिम व्यक्ति तक जाकर प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि इस बार के विधानसभा चुनाव में वर्तमान की हेमंत सरकार की विदाई तय है, क्योंकि जनता अब समझ गयी है कि हेमंत सोरेन की सरकार सिर्फ वादों वाली सरकार है। दीपक प्रकाश ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि हम कार्यकर्ता विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता हैं। ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम सभी जनता की उम्मीदों पर खरा उतरें और उसे उसका हक और अधिकार दिलवायें। बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मोर्चा के सभी कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान के तहत घर-घर जायें और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ उसका लाभ भी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचायें। साथ ही कार्यकर्ता जनता को आगामी वर्ष की योजनाओं की जानकारी भी दें।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के नौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। सरकार ने राष्ट्रहित में कई सारे महत्वपूर्ण फैसले लिये हैं। झारखंड प्रदेश में भी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता जनता तक पहुंचेंगे और हर घर जायेंगे और केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी देंगे, ताकि 2024 में एक बार फिर से देश में भारतीय जनता पार्टी वाली सरकार को लाया जा सके।

बैठक में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नीरज पासवान, राष्ट्रीय विशेष आमंत्रित सदस्य सीता राम रवि, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुईंया, सीमा पासवान, ध्रुव कुमार हरि, विमल बैठा, प्रदेश महामंत्री रंजय भारती, रंजन पासवान, प्रदेश मंत्री कमलेश राम, खुदा राम, विशाल वाल्मीकि, प्रदेश कार्यालय मंत्री जोगेंद्र लाल, प्रदेश के आइटी औरं सोशल मीडिया प्रभारी राजीव राज लाल और सभी प्रमंडलीय प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी तथा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य उपस्थित थे।

## नमन : पूर्व मंत्री व मजदूर नेता दिवंगत राजेंद्र सिंह की पुण्यतिथि आज

# बेरमो के हरदिल अजीज थे राजेंद्र बाबू कई ऊंचे राजनीतिक पद पर रहे आसीन

संदीप कुमार सिंह



**करगली (बेरमो) आजाद सिपाही।** इंटक के राष्ट्रीय महासचिव सह दिग्गज मजदूर नेता राजेंद्र प्रसाद सिंह की बुधवार 24 मई को तीसरी पुण्यतिथि मनायी जायेगी। 24 मई 2020 में फेफड़े में फंगल इंफेक्शन के कारण उनका निधन दिल्ली में हो गया था। राजेंद्र प्रसाद सिंह एक ऐसे व्यक्तित्व थे जो सभी को एक साथ लेकर चलते थे। उनके इसी गुण के कारण झारखंड की राजनीति एवं मजदूर राजनीति में शिखर पर पहुंचने के बावजूद उनका कोई दुश्मन नहीं था। विरोधी दल के लोगों के साथ भी उनके मधुर संबंध थे।

बाल्यावस्था में ही पिता भुनेश्वर प्रसाद सिंह एवं मां भगवती देवी के साथ वह बेरमो आये थे। उन्होंने अपना कार्य क्षेत्र बेरमो को बनाते हुए युवावस्था में सीसीएल की ढोरी कोलियरी में लोडिंग इंस्पेक्टर के रूप में नियुक्ति पायी थी। बिंदेश्वरी दुबे के संपर्क में आने के बाद नौकरी छोड़कर ट्रेड यूनियन तथा राजनीति से जुड़ गये। पूर्व मुख्यमंत्री स्व बिंदेश्वरी दुबे के साथ उनकी काफी घनिष्ठता होने के कारण बिंदेश्वरी दुबे ने इन्हें अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह एकीकृत बिहार में पहली बार 1985 में बेरमो विधानसभा का चुनाव लड़े और विजय हासिल की। पहली बार जीत पाने के बाद वो शून्य से शिखर पर पहुंचने का सफर तय किया। वर्ष 1985 से 2005 तक लगातार कांग्रेस पार्टी के टिकट पर बेरमो के राजेंद्र सिंह विधायक रहे। वर्ष 2005 में भाजपा के योगेश्वर महतो बाटुल से वो चुनाव हार गये। 2009 में पुनः राजेंद्र सिंह योगेश्वर महतो बाटुल को हराकर विधायक बने। वर्ष 2014 में भाजपा नेता योगेश्वर महतो बाटुल से फिर हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में पुनः बेरमो सीट पर कब्जा जमा लिया था। इस दौरान उन्होंने एकीकृत बिहार का दो बार मंत्री बनने का गौरव पाया। झारखंड राज्य में भी ऊर्जा, स्वास्थ्य, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री के पद को सुशोभित रहे। राजेंद्र प्रसाद सिंह झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता भी बने थे। भाजपा के अर्जुन मुंडा सरकार के दौरान नेता प्रतिपक्ष बनने के साथ ही वर्ष 2005 में उत्कृष्ट विधायक का सम्मान पाया था। ट्रेड यूनियन की राजनीति में इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री रहे। साथ ही इंडियन माइन वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष के साथ ही राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष भी रहे। कोल इंडिया सुरक्षा परिषद और जेबीसीसीआइ के सदस्य भी रहे थे। 24 मई 2020 में विधायक रहते हुए उनकी मृत्यु की खबर ना केवल बेरमो, झारखंड कांग्रेस बल्कि पूरे भारत के कांग्रेस सहित तमाम राजनीतिक दल में शोक की लहर दौड़ गयी। किसी को विश्वास नहीं हो रहा था कि उनके जनप्रिय नेता अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनकी मृत्यु के बाद उनके बड़े पुत्र कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने उनके राजनीतिक विरासत को संभाला। वह बेरमो के उप चुनाव में विजय हासिल करते हुए वर्तमान में विधायक हैं। अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए बेरमो की जनता को कई योजनाओं की विरासत दे रहे हैं। जयमंगल सिंह बेरमो की चौमुखी विकास के लिए कटिबद्ध दिख रहे हैं।

## कार्यक्रम : पासवा के प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन

# सरकारी स्कूलों में क्वालिटी शिक्षा नहीं हो रही: डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य के सरकारी स्कूलों में व्यवस्था ही कुछ ऐसी है कि क्वालिटी शिक्षा यहां कतिपय कारणों से नहीं हो रही है। सूबे के गरीब से गरीब अभिभावक भी अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में भेजते हैं।

शिक्षकों को मैं इसके लिए दोषी नहीं मानता हूं। पासवा के प्रदेश कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव मंगलवार को अपने संबोधन में उद्गार प्रकट कर रहे थे। हरमू चौक स्थित प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा के कार्यालय का उद्घाटन करते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 80 उत्क्रमित विद्यालय खोल कर एक अच्छी शुरुआत की है। लेकिन अभी भी और बहुत कुछ करने की जरूरत है। सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले सभी स्कूल अच्छे तब होंगे, जब सभी स्कूलों को बेहतर बनाया जायेगा। मैं गांवों में जहां भी जाता हूं, जगह-जगह प्राइवेट स्कूल देखता हूं। निजी विद्यालयों की परेशानियों को दूर करने की दिशा में पासवा अच्छा काम कर रही है, मैं भी पासवा के साथ जुड़ गया हूं। बुनियादी जरूरतों से भी महत्वपूर्ण शिक्षा है। हर सरकार की जिम्मेदारी होती है, शिक्षा मुहैया कराने की।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा झारखंड में शिक्षा का प्रचार प्रसार करने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना पासवा का मुख्य उद्देश है। उन्होंने कहा राज्य में संचालित 40 हजार से अधिक निजी विद्यालयों के बगैर राज्य में शिक्षा की बात बेमानी है। लेकिन साथ ही साथ शिक्षा को व्यवसाय समझने वालों को आगाह किया जाता है कि झारखंड के भोले-भाले आदिवासियों और गरीबों को लूटना बंद करें। कोचिंग संस्थानों में और शिक्षण संस्थानों में अनाप शनाप फीस लेकर आर्थिक दोहन करने की मानसिकता को बंद करें। पासवा शिक्षा के प्रचार-प्रसार के राज्य सरकार से संवाद करेगी और बेहतर माहौल तैयार करेगी। उद्घाटन समारोह में स्थानीय पार्षद अरुण झा, अमरेंद्र सिंह, अभिषेक साहू, संजीत यादव, विनोद सिन्हा, बबलू वर्मा, डॉ सुषमा केरकेट्टा, सुभोजित अधिकारी, राशीद अंसारी, अल्ताफ अंसारी, पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष रमण झा, कुमुद रंजन, नवीन कुमार सिंह, एकता भारती, चारुबाला कुमारी, सुमन कुमारी, अभिषेक साहू, संजीत यादव, मनीष पाठक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### राज्यपाल ने किया डॉक्टर राजकुमार शर्मा की दो पुस्तकों का लोकार्पण



रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय रांची के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर राजकुमार शर्मा की दो पुस्तकें विश्व के प्रतिष्ठित प्रकाशक कैंब्रिज प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की गयीं। इन पुस्तकों का लोकार्पण झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के द्वारा किया गया। पहली पुस्तक का टाइटल एक्सप्लोरिंग इंग्लिश सिंटेक्स तथा दूसरी पुस्तक कम्युनिकेटिव इंग्लिश की है। कम्युनिकेटिव इंग्लिश पुस्तक में इनके साथ डॉ निधि सिंह सह लेखिका के रूप में हैं। डॉ निधि सिंह गोस्सनर कॉलेज में अंग्रेजी की अध्यापिका हैं। कैंब्रिज प्रकाशन से प्रकाशित होने वाली यह दोनों पुस्तकें अंग्रेजी भाषा विज्ञान से संबंधित है। जहां पहली पुस्तक अंग्रेजी भाषा में वाक्य रचना के गहन विवेचन पर आधारित है, वहीं दूसरी पुस्तक अंग्रेजी भाषा कैसे बेहतर तरीके से लिखी और बोली जा सकती है। इस लोकार्पण कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा, राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी, झारखंड सरकार के विधि विभाग के सचिव नलिन कुमार, रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर एमसी मेहता, रांची विश्वविद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर स्मृति सिंह के अलावा कैंब्रिज प्रकाशन की ओर से एशिया हेड टीके अरुणाचलम ईस्ट इंडिया हेड समीर छेत्री आदि मौजूद थे।

### राज्यपाल से सीता सोरेन ने की मुलाकात

रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को विधायक सीता सोरेन ने राजभवन में मुलाकात की। राजभवन सूत्रों ने बताया कि इस दौरान राज्य से संबंधित कई विषयों पर उन्होंने बातचीत की।

### राज्यपाल से मिले राधाकृष्ण किशोर, सौंपा ज्ञापन

रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राजभवन में मुलाकात की। पूर्व मंत्री ने विगत दिनों पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले और पाटन थाना की एक जनजाति लड़की का बाल मुड़वा कर घुमाये जाने के संदर्भ में अवगत कराया। पूर्व मंत्री ने पीड़िता को सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए पहल करने संबंधी ज्ञापन सौंपा।

### रांची जिला बार एसोसिएशन ने हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लिखा पत्र

रांची (आजाद सिपाही)। रांची जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रपति 24 मई को हाइकोर्ट के भवन का उद्घाटन करेंगी। इसी दौरान राष्ट्रपति से रांची व्यवहार न्यायालय के 40 कोर्ट और अन्य कोर्ट का अवलोकन कराने की मांग की गयी है। इससे हजारों की संख्या में अधिवक्ताओं, न्यायिक पदाधिकारी और व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी को गौरव महसूस होगा। इसके लिए एसोसिएशन मुख्य न्यायाधीश और रजिस्ट्रार जनरल का सदा आभारी बना रहेगा।

### अर्चना मेहता राज्यपाल सचिवालय में संयुक्त सचिव पद पर पदस्थापित

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रशासनिक सेवा की अधिकारी संयुक्त सचिव महिला बाल विकास विभाग अर्चना मेहता को स्थानांतरित करते हुए संयुक्त सचिव राज्यपाल सचिवालय के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में प्रशासनिक सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### जनता दरबार पुनः चालू करे राज्य सरकार : विजय शंकर नायक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और राज्य के डीजीपी डॉ अजय कुमार सिंह महीने में एक बार झारखंड की जनता की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनने का काम कर उनके निदान, सामाधान के लिए काम करें। कहा कि इसके लिए सभी लोग एक सुनिश्चित दिन तय कर निश्चित समय पर जनता दरबार लगाने का काम करें, ताकि राज्य की जनता उनके पास समस्याओं को लेकर जा सके। साथ ही साथ मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, अैर राज्य के डीजीपी अपने चेंबर में भी प्रतिदिन राज्य की जनता से भेंट करने का काम कर (जनता दरबार) लगाएं। नायक ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री जनता दरबार पुनः चालू करें और मुख्य सचिव और राज्य के डीजीपी की जनता दरबार लगाकर झारखंड में एक नई परंपरा की शुरूआत करें।

### हत्या आरोपी की तलाश में रांची पहुंची केरल पुलिस

रांची (आजाद सिपाही)। केरल पुलिस एक अपराधी की तलाश में झारखंड की राजधानी रांची पहुंची। दरअसल, केरल के वेलूर ग्राम पंचायत के मीकाभूमि कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय डेनी माइकल की नवंबर 2021 में किसी ने हत्या कर दी थी। 22 नवंबर को उनका शव मिला था। शव काफी डीकंपोज हो चुका था। पोस्टमोर्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर लिया। जांच में खुलासा हुआ था कि अज्ञात आरोपी ने करीब पांच दिन पहले डेनी की लाठी से पीट-पीट कर हत्या की थी। इसके बाद फरार हो गया। डेनी घर में अकेला रहता था। इस कारण किसी को इसकी जानकारी नहीं मिली। डीकंपोज होने के कारण जब शव से बदबू आने लगी, तो आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस को आरोपी का वीडियो और फोटो मिला था, लेकिन उसका नाम और निवास का पता नहीं चल पाया है। त्रिशूर सिटी के एरुमापेट्टी पुलिस स्टेशन में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस की एक टीम मंगलवार को रांची पहुंची। चुटिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर वेंकटेश कुमार से चर्चा की है। पुलिस पदाधिकारी अभिनंथ एस के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम रांची पहुंची है। वहीं चुटिया थाना प्रभारी से मिलने के बाद एसपी से मिलने भी पहुंची। अभनंथ ने बताया कि अभी तक इस अपराधी की तलाश में कई शहरों में टीम गयी है। केरला से आये पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि आरोपी हिंदीभाषी है। इसलिए पुलिस झारखंड और बिहार में आरोपी की तलाश में लगी है।

**बैठक :** भाजपा खूंटी ग्रामीण और नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक नीलकंठ मुंडा ने कहा

# झारखंड सरकार केवल लूट खसोट की राजनीति कर रही है

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार केवल लूट-खसोट की राजनीति कर रही है। इस सरकार को जनता के हित से कोई लेना-देना नहीं है। आसन्न विधानसभा चुनाव में जनता इस सरकार को जरूर से उखाड़ फेंकेगी और फिर से केंद्र और राज्य में कमल खिलेगा।

विधायक मंगलवार को भाजपा के जिला कार्यालय में भाजपा ग्रामीण मंडल और नगर मंडल की कार्यसमिति की बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। बैठक से पूर्व श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया और वंदे मातरम गायन किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि कार्यसमिति बैठक हमारे द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन करने का तरीका है कि हमने पिछले दिनों क्या कार्य किये हैं और आनेवाले दिनों में हमें क्या करने की आवश्यकता है। उन्होंने आनेवाले दिनों में महाजनसंपर्क अभियान को लेकर विभिन्न कार्यक्रम जैसे घर-घर संपर्क अभियान आदि के बारे जानकारी दी और सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर इसे सफल बनाने की अपील की।

जिला महामंत्री विनोद नाग ने कहा कि एक निश्चित अंतराल के पश्चात होनेवाली बैठक का विशेष महत्व है। इसमें हम पिछले दिनों किए गए कार्यों की समीक्षा करते हैं और आगामी किए जाने वाले कार्य की कार्ययोजना तैयार करते हैं। जिला उपाध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है।

कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मदन मोहन गोप और स्वागत भाषण नर मंडल अध्यक्ष सुरेश जायसवाल ने किया।

बैठक में जनार्दन मिश्रा, लव चौधरी, अर्जुन पाहन, विकास चौधरी, शंकर प्रधान, रामा महतो, कंचन सिंह, बुधराम पूर्ति आनंद राम, लखींद्र नायक, महेंद्र नायक, सीताराम, रामचरण गोप, सुबोध राम, कृष्णा लोहरा, सुदामा मिश्रा, अमर मिश्रा दीपक राम, केशव राम, हरिनाथ मुंडा, सुकेंद्र महतो, लीलू पाहन, देवानंद मुंडा, अमित कश्यप, मंगा नाग, बलराम मुंडा, पंकज राम, थीबू नाग, राजेश नाग, कांडे मुंडा, राजू पाहन आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रपति का खूंटी आगमन हम सबों के लिए सौभाग्य की बातः मनोज कुमार

## राष्ट्रपति के खूंटी आगमन को लेकर सामाजिक और धार्मिक संगठनों की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 25 मई को खूंटी आगमन के संबंध में विचार विमर्श के लिए मंगलवार को जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खूंटी के विभागीय सांसद प्रतिनिधि, वार्ड पार्षद, गायत्री परिवार, श्रीश्री रविशंकर परिवार, विहंगम योग परिवार और अन्य सामाजिक संगठनों के प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया। सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने कहा कि देश की पहली जनजातीय राष्ट्रपति का खूंटी आगमन हम सभी के लिए सौभाग्य और गर्व की बात है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी जहां से भगवान बिरसा मुंडा द्वारा भारत को सशक्त करने के लिए उलगुलान किया गया था। आज उन्हीं की भूमि पर राष्ट्रपति द्वारा महिला सशक्तीकरण की दिशा में आयोजित कार्यक्रम अद्वितीय साबित होगा। मौके पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष जोनिका गुड़िया, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष राखी कश्यप, विभागीय सांसद प्रतिनिधि जगन्नाथ मुंडा, ज्योतिष भगत, परमेश्वर प्रसाद, जितेंद्र कश्यप, अनूप साहू, उर्मिला देवी, अलका देवी, मीनाक्षी सिन्हा, प्रमिला भगत, सीमा सिंह, आंचल देवी, ब्यूटी मिश्रा, लक्ष्मी बाखला, बिमला देवी, आदित्य प्रसाद, जय प्रकाश भाला, विनोद जयसवाल, संजीव चौरसिया, विजय घोष, पूर्व प्रमुख रुक्मिला सारू, प्रदीप साहू, राजकुमार गुप्ता, सुदर्शन भोगता, राजेश्वर गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## प्रभाकर गोंझू और आकाश प्रमाणिक ने मैट्रिक की परीक्षा में पांचवा एवं नौवां स्थान प्राप्त किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के बाघाडीह गांव के रहने वाले प्रभाकर गोंझु एवं आकाश प्रमाणिक ने मैट्रिक की परीक्षा में पांचवा एवं नौवां स्थान प्राप्त कर अपने परिवार गांव और विद्यालय के नाम रोशन किया है ये दोनों संत जेवियर उच्च विद्यालय बुंडू का छात्र है इन्होंने 97.2% एवं 96.4 % अंक लाए हैं इनकी सफलता पर प्रभाकर गोंझु के पिता नागेश्वर गोंझु मां शिवानी देवी तथा आकाश प्रमाणिक के पिता अंगद प्रमाणिक एवं माता तिलोत्तमा देवी और गांव के लोग काफी खुश हैं दोनों सफल छात्रों का कहना है कि वे आगे पढ़ाई कर इनकम टैक्स ऑफिसर बनना चाहते हैं साधारण गरीब किसान परिवार में जन्मे घर से ही मेहनत कर पढ़ाई करके अपना नाम रोशन किया उनके मां-बाप बेटों की जेल से काफी खुश बता दें कि दोनों छात्रों ने आठवीं में मेधा छात्रवृति में जिला टॉपर रहे है जिनमें आकाश प्रमाणिक को छात्रवृत्ति मिलती है लेकिन प्रभाकर गोंझु को मेघा छात्रवृति नहीं मिलती है इन दोनों छात्रों ने अपने ट्यूशन टीचर वीरेंद्र प्रमाणिक को अपनी सफलता का श्रेय दिया है इधर वीरेंद्र प्रमाणिक ने कहा कि मैं गांव के चार बच्चों को पढ़ाता था जिसमें दो राज्य टॉपर तथा दो अंबर प्रमाणिक एवं दीपिका कुमारी ने नब्बे फीसदी से अधिक अंक लाए हैं परिवार की दयनीय स्थिति होने के बावजूद इनके पिता ने कहा कि बेटों को पढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा गांव और आसपास के लोग भी उनके परिवार को बधाई देने के लिए पहुंचे थे।

## तमाड़ में कलश यात्रा के साथ हरिनाम संकीर्तन सह मेला शुरू

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** श्री श्री राधा रानी मंदिर समिति तमाड़ ने कलश यात्रा के साथ आज से हरिनाम संकीर्तन सह मेला का शुभारंभ किया। यह पांच दिवसीय मेला 28 मई तक निरंतर चलेगा। तमाड़ थाना प्रभारी ने राधा रानी मंदिर परिसर से कलश यात्रा का शुभारंभ किया। हाई स्कूल मैदान में यह भव्य मेला लगा है। मेला में मौत का कुंआ में लड़की के द्वारा करतब दिखाया जाएगा, बड़ा झूला, ब्रेक डांस, टोरा-टोरा, ड्रेगन, मिक्की माउस, मीणा बाजार के साथ और बच्चों के लिए कई तरह खिलौना और सुविधाओं उपलब्ध हैं।

## आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज की टॉपर बनी कृपा कुमारी



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** दसवीं बोर्ड परीक्षा में आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज की छात्रा 76 प्रतिशत अंक लाकर कृपा कुमारी स्कूल की टॉपर बनी है। स्कूल के कुल 126 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमे प्रथम स्थान 55,द्वितीय स्थान पर 68 एवं एक छात्र तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृपा कुमारी को 76 प्रतिशत, अभय कुमार 72, राहुल यादव 72, कुमकुम कुमारी 72, उत्तम कुमार 72, डॉली कुमारी 71, टिंकू यादव 71, अंशु कुमार 69, आनंद कुमार 68, रूपा कुमारी को 67 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। स्कूल के बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रधानाचार्य आदित्य प्रसाद साहू ने सभी बच्चों, अभिभावकों को बधाई दी है। बधाई देने वाले शिक्षकों में गोपाल प्रसाद, जयप्रकाश यादव, राधा कुमारी, एसके पांडे, वाईके साव, ई मरांडी, निर्मल कुजूर, अनिल कुमार, मनोहर यादव, मनोज कुमार दुबे, ममता कुमारी आदि शामिल हैं।

## सौ प्रतिशत रहा कस्तूरबा गांधी का परीक्षाफल

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा जारी इंटरमीडिएट के परीक्षाफल में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कर्रा और तोरपा का परीक्षा फल सौ प्रतिशत रहा। कर्रा की 54 छात्राएं इंटरकी परीक्षा में शामिल हुई थीं, जिनमें 41 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी, 12 ने द्वितीय श्रेणी में और एक छात्रा तीसरी श्रेणी में उत्तीर्ण हुई। दिव्या कुमारी ने 94.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। महिमा कुमारी 90.2 प्रतिशत लाकर द्वितीय, बिरन 89.8 प्रतिशत लाकर तीसरे स्थान पर रही। तोरपा से 29 छात्राएं परीक्षा मेंशामिल हुई, जिनमें 16 ने प्रथम श्रेणी और 13 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी हासिल किया। कस्तूरबा गांधी विद्यालय कर्रा की दिव्या कुमारी 94.2 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉपर रही। विद्यालय की इस उपलब्धि पर वार्डन अर्चना कुमारी ने सभी शिक्षकों और छात्राओं को बधाई दी और कठिन परिश्रम करने की बात कही।

उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका स्कूल खूंटी की सभी छात्राओं ने हासिल की प्रथम श्रेणी

# विद्यालय की रोशनी कुमारी 477 अंक लाकर बनी जिला टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड अधिविद्य परिषद(जैक) द्वारा संचालित दसवीं बोर्ड की परीक्षा में इस बार भी शहर के प्रतिष्ठित उसुर्लाइन कान्वेंट बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय से इस वर्ष कुल 143 छात्राएं मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुई थी, इनमें से सभी 143 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इस विद्यालय से इस बार पांच छात्राओं ने जिला के टॉप टेन में अपना स्थान बनाया है। विद्यालय की रोशनी कुमारी ने कुल 477 अंक हासिल कर विद्यालय के साथ ही जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। इसी प्रकार राधिमा कुमारी ने 470 अंक हासिल कर विद्यालय में दूसरा और जिलं में तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुस्कान कुमारी ने 468 अंक हासिल कर विद्यालय में तीसरा और जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया। रिया कुमारी जायसवाल ने 462 अंक प्राप्त कर विद्यालय में चौथा और जिले में सातवां स्थान हासिल किया। आंचल कुमारी ने 458 अंक हासिल कर विद्यालय में पांचवा और जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त प्रियंका कुमारी ने 452 अंक, प्रज्ञा कुमारी गोंड ने 449 अंक, पायल कुमारी ने 447 अंक, नेहा कुमारी ने 446 अंक और संध्या होरो ने 442 अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉप 10 में अपना स्थान बनाया। विद्यालय के छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन की खुशी बहुत, मगर न्याय प्राप्त करने के लिए अधिकांश लोगों का जूझना चिंतनीय : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि 15 नवंबर 2000 को झारखंड गठन के बाद 24 मई 2023 वैसा महत्वपूर्ण दिन है, जब राजधानी रांची में झारखंड उच्च न्यायालय के नये परिसर के उद्घाटन के साथ ही न केवल भारतीय लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था की गरिमा बढ़ेगी, बल्कि यह जनजातीय बहुल प्रदेश झारखंड और जनजातीय समुदाय के गौरव को भी बढ़ानेवाला होगा। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि झारखंड उच्च न्यायालय का भव्य- विशाल (इको फ्रेंडली भवन) ना केवल स्वतंत्र न्यायिक व्यवस्था का प्रतीक बनेगा, यह हमारे संविधान और भारतीय लोकतंत्र की गरिमा को बहाल रखने के मामले में प्रेरणादायी बनेगा, बल्कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर झारखंड और गर्व से भरे जनजातीय समुदाय का मान-सम्मान बढ़ेगा।

## झारखंड के लोगों को अब जल्द मिलेगा न्याय

तिर्की ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में भारत के सर्वोच्च पद पर पहली बार आसीन जनजातीय समुदाय की कोई महिला द्रौपदी मुर्मू के हाथों झारखंड को झारखंड उच्च न्यायालय के नये भवन के रूप में एक शानदार उपहार मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के विशालऔर गरिमामयी भवन की तरह ही झारखंड के लोगों को अब अपेक्षाकृत त्वरित गति से न्याय मिल पायेगा। यहां की सामाजिक असमानता, गरीबी और विलंब से न्याय मिलने की पुरानी बीमारी पर प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से अंकुश लगेगा।

## न्याय प्राप्ति के लिए जूझ रहे अधिकांश लोग

इस दौरान तिर्की ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, भारत के मुख्य न्यायाधीश, भारत के विधि और न्याय मंत्री, झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य न्यायाधीश से भी अनुरोध किया है। इसमें उन्होंने कहा कि झारखंड के आर्थिक दृष्टि से कमजोर लोगों विशेषकर, आदिवासियों, मूलवासियों, दलितों और पिछड़े वर्ग के लोगों को कम-से-कम खर्च और परेशानी में त्वरित न्याय दिलवाने के लिए वे सभी अपने प्रभाव का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि झारखंड गठन के बाद पिछले 22 साल में यह बहुत अधिक नकारात्मक पक्ष रहा है। उन्होंने बताया कि यहां के अधिकांश लोगों को न्याय प्राप्ति के लिए बहुत अधिक जूझना पड़ रहा है और इसके लिए उन्हें बहुत अधिक पैसे और समय खर्च करने पड़ रहे हैं। इसके साथ ही उन्हें काफी परेशानी भी झेलनी पड़ रही है।

# बिजली कटौती से लोग परेशान, ऊर्जा सचिव विदेश दौरे पर, प्रभारी नहीं ले रहे संज्ञानः सरयू

## मुख्यमंत्री के पास भुगतान की फाइल पड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में जनता बार-बार बिजली की कटौती से परेशान है। जहां जेबीवीएनएल के अधिकारी नियमित बिजली आपूर्ति के लिए प्रयासरत रहने की जानकारी दे रहे हैं, वहीं, विधायक सरयू राय ने इस मामले में ट्वीट किया है. पूर्व मंत्री सह विधायक सरयू राय ने अपने ट्वीट में लिखा है कि बिजली संकट के दौर में ऊर्जा सचिव कई दिनों से विदेश में हैं। जबकि सरकार ने संयुक्त सचिव सह झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के सीएमडी मनीष रंजन को ऊर्जा सचिव का प्रभार दिया है। बिजली उत्पादक कंपनियों को भुगतान से संबंधित संचिका मुख्यमंत्री सह ऊर्जा मंत्री हेमंत सोरेन के पास पड़ी हुई है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद ही उत्पादक कंपनियों को भुगतान किया जायेगा। बिजली उत्पादक कंपनियों को समय पर भुगतान होने पर ही कंपनियां बिजली देंगी और बिजली आपूर्ति फिर से बहाल की जायेगी। श्री राय ने लिखा है कि अगर ये काम सही समय पर हो गया होता, तो आज जनता परेशान नहीं होती।

## आधुनिक पावर को करना है भुगतान

जेबीवीएनएल को आधुनिक पावर लिमिटेड को बिजली खरीद का भुगतान करना है। जेबीवीएनएल को आधुनिक पावर को कुल 45 करोड़ रुपये देने हैं। नियमतः ये बिजली खरीद की राशि 75 दिनों के अंदर भुगतान करनी होती है.। ये राशि बकाया होने पर प्राप्ति एप के जरिये खुद बिजली काट दी जाती है। राज्य में इस वजह से भी बिजली कटौती हो रही है।



आधुनिक पावर ने सोमवार देर रात से बिजली देनी बंद कर दी है। हालांकि निगम अधिकारियों की मानें तो मंगलवार देर तक यह राशि भुगतान कर दी जायेगी। बता दें मुख्यमंत्री के पास इससे संबधित संचिका है। इस पर सहमति के बाद कंपनी को जेबीवीएनएल द्वारा भुगतान किया जायेगा।

# विद्यापति स्मारक समिति के प्रतिनिधिमंडल ने राउरकेला वाया रांची जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन को प्रतिदिन चलाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल डीआरएम, हटिया रेलवे डिवीजन से मुलाकात करके रेल मंत्री, भारत सरकार के नाम एक मांग पत्र दिया। इस पत्र में समिति ने रेल मंत्री से राउरकेला वाया रांची जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन को प्रतिदिन चलाने एवं उक्त ट्रेन में बोगी बढ़ाने की मांग की है तथा कोशी एक्सप्रेस को प्रतिदिन रांची से पूर्णिया भाया मधुपुर तक चलाने की मांग की है। साथ हीं साथ इस पत्र में यह भी लिखा गया है कि अगर समिति के मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया तो समिति अपने प्रबल मांगों को लेकर प्रदर्शन को विवश होगी। समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने कहा कि मिथिला और नेपालवासी को रांची से उनके गांव/शहर तक जाने के लिए यातायात का एक मात्र ट्रेन राउरकेला भाया रांची जयनगर एक्सप्रेस हीं है, जो केवल सप्ताह में 3 दिन हीं चलता है और इसमें केवल 14 बोगी हीं है जिसके कारण यात्रियों को टिकट नहीं मिल पाता है। पर्व त्योहारों के समय ट्रेन में सीटें उपलब्ध नहीं रहने के कारण लोग प्रतीक्षा सूची में टिकट लेकर बड़ी मुश्किल से सफर करने को मजबूर होते हैं। यह ट्रेन चूंकि नेपाल के सीमा से लगे जयनगर तक जाती है इसलिए न केवल मिथिलांचल बल्कि नेपाल स्थित मिथिला क्षेत्र के साथ गोरखा समाज के लोग भी इस ट्रेन से यात्रा करते हैं। सप्ताह में केवल 3 दिन होने के कारण मिथिलांचल के यात्रियों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड में रहनेवाले मिथिलावासी एवं नेपालवासियों का यह मौलिक अधिकार है कि उन्हें झारखंड से अपने गांव/शहर तक जाने में सुलभ यातायात की सुविधा मुहैया हो। समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा को डीआरएम द्वारा आश्वासन दिया गया कि हम समिति के मांगों को पूरा करने की दिशा में भरपूर प्रयास करेंगे। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा, महासचिव उदित नारायण ठाकुर, उपाध्यक्ष राम नरेश सिंह, संजीव मिश्रा, श्याम किशोर चौबे, अशोक कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में श्योर सक्सेस सेंटर के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन, 100 से अधिक छात्र-छात्राएं सफल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कर्मचारी चयन आयोगने कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल - 2022) भर्ती परीक्षा का फाइनल रिजल्ट दिनांक 13 मई 2023 को जारी किया था। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों व मंत्रालयों में 36001 पदों को भरा जाएगा। इनमें 15408 पद अनारक्षित, 8336 पद ओबीसी, 5571 पद एससी, 3798 ईडब्ल्यूएस और एसटी के 2888 पद थे। इनमें सर्वाधिक 19676 पद डाक विभाग में पोस्टल असिस्टेंट/सॉटिंग असिस्टेंट के थे।

ज्ञात हो, 9 फरवरी 2023 को सीजीएल 2022 टियर 1 परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए थे। टियर 2 की परीक्षा 2 से 7 मार्च तक कंप्यूटर आधारित मोड में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में देशभर से 36 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया था। इसी क्रम में झारखंड के प्रतिष्ठित मार्गदर्शक संस्थान श्योर सक्सेस सेन्टर के 100 से अधिक छात्रों का चयन अंतिम रूप से सीजीएल 2022 की भर्ती परीक्षा में हुआ है। इनमें राहुल कुमार सिंह, रोहित कुमार गोराई, सुमित राज, शैलजानंद भारद्वाज, प्रिया कुमारी, निहित राज गुप्ता, अजय दास, कुमारी स्वाती, श्वेता सुमन, आशिष कुमार गुप्ता, सोनाली वर्मा, हर्षा कुमारी, निधि सिन्हा, राहुल कुमार गुप्ता, शुभम कुमार सिंह, संगीता कुमारी, राजकिशोर यादव, निरज सिंह, मुस्ताख अंसारी, चांदनी कुमारी संहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल है। इनका चयन क्रमशः टैक्स असिस्टेंट, पोस्टल असिस्टेंट, असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर, सिनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट, ऑडिटर आदि पदों पर हुआ है। सभी सफल छात्रों ने निदेशक एवं शिक्षकगणों का आभार प्रकट किया है और संस्थान के योगदान को सराहा। संस्थान के निदेशक सुनील जायसवाल ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो सफलता कि ओर अग्रसर करता है। निदेशक ने यह भी बताया कि आगामी बैंकिंग, एसएससी आदि परीक्षाओं के कैप्सूल कोर्स (क्रेश कोर्स) जल्द ही शुरू किया जाएगा। वहीं वेसिक लेवल से संपूर्ण कोर्स की तैयारी 5 तथा 12 जून से शुरू किया जा रहा है जिसमें, बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, जेएसएससी, एमबीए, शिक्षक पात्रता परीक्षा आदि की तैयारी कराई जाएगी। संस्थान में इसकी नामांकन प्रक्रिया जारी है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गेतलसूद के विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गेतलसूद के छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। इस विद्यालय से कुल 78 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें 60 प्रथम श्रेणी से, 15 द्वितीय श्रेणी से तथा 3 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। छात्रा वंदिता रानी ने 90 फीसदी अंक लाकर स्कूल की टॉपर बनी। वहीं पायल कुमारी 86 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं हेमंती कुमारी 85.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। इसके अलावा इशिका कुमारी, कृति कुमारी, मोनिका कुमारी, अदेश बेदिया, नेहा रजवार, सुशंध गोस्वामी, रंजीत रजवार एवं निशा रजवार ने 80 फीसदी से अधिक अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सेवाराम महतो ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, साथ ही उनके अभिभावकों को भी अच्छे रिजल्ट के लिए शुभकामनाएं दी।

## विकास विद्यालय सिरका, अनगड़ा का मैट्रिक परीक्षाफल बेहतर रहा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिरका विकास विद्यालय सिरका अनगड़ा के विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया। इस विद्यालय के कुल 42 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें 35 प्रथम श्रेणी से एवं दो द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। वहीं 10 विद्यार्थियों ने 80 फीसदी से अधिक अंक हासिल किया। छात्र लालमोहन महतो 91.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बना। जबकि अमर कुमार महतो 87.6 अंक के साथ द्वितीय एवं अभिषेक कुमार महतो 87.6 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय टॉपर बना। विद्यालय के संरक्षक डॉ अमर कुमार चौधरी, सचिव जगेश्वर महतो एवं प्राचार्य बलराम महतो ने रिजल्ट पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नगड़ी हाई स्कूल और इंडियन पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में जैक बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट शत प्रतिशत और शानदार रहा। नगड़ी हाई स्कूल में इस वर्ष कुल 270 छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा दी थी, जिसमें बरसा कुमारी 89.4% अंक लाकर स्कुल टापर रही। वहीं अखिलेश कुमार 87.20%, दीपिका कुमारी 85.40%, मोहित कुमार 83.29%, रोजी परवीन 81.80%, सादिया परवीन 82.20%, सुभाष केरकेट्टा 80.40%, नरगिस परवीन 79.80%, रीमा खलखो 78.80%, नीलोफर शाहजादी 78.80% अंक हासिल किये। मौके पर प्रधानाध्यापक नंद कुमार ने कहा कि इस वर्ष कुल 270 विद्यार्थियों में प्रथम स्थान पर 199, दूसरे स्थान पर 70 और तीसरे स्थान पर 01 विद्यार्थी सफल रहा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। वहीं नगड़ी स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल का मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से कुल 36 विद्यार्थियों में सभी ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया। स्नेहा कुमारी 433 अंक लाकर स्कूल टॉपर रही। मुस्कान कुमारी 424 अंक लाकर दूसरा स्थान, आतिया रहमान 413 अंक लाकर तीसरा स्थान, नवीन केसरी 412 अंक लाकर चौथा स्थान प्राप्त किया। अन्य सभी विद्यार्थियों को 60 परसेंट से ज्यादा अंक प्राप्त हुए। विद्यालय के निदेशक दिलीप केसरी एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जकरिया उच्च विद्यालय कांके का मैट्रिक रिजल्ट शत प्रतिशत रहा




**कांके (आजाद सिपाही)।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में जकरिया उच्च विद्यालय पतरा टोली कांके के अदीबा आजाद 429 नंबर 85.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल की फर्स्ट टॉपर बनी। वहीं तानिया परवीन 409 अंक के साथ सेकंड टॉपर और जुनैद अख्तर 403 अंक के साथ थर्ड टॉपर बनें। स्कूल के कुल 39 छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा दी थी। जिसमें 29 प्रथम, 9 द्वितीय व एक तृतीय श्रेणी में सफल हुआ। विद्यालय के प्राचार्य फरहत हुसैन सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की।

## राजकीय प्लस टू उवि व कस्तूरबा गांधी विद्यालय लापुंग का रिजल्ट शत प्रतिशत



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** मैट्रिक की परीक्षा में राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग का 97.96 प्रतिशत रिजल्ट रहा। कुल 197 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमें प्रथम श्रेणी 121 व द्वितीय श्रेणी से 72 बच्चे उत्तीर्ण हुए। विद्यालय टॉपर मनीषा कुमारी 92.20, द्वितीय बजरंग साहू 90 व तृतीय अंकित सोनी 88.20 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण हुए। कस्तूरबा गांधी विद्यालय लापुंग का शत प्रतिशत रिजल्ट रहा। विद्यालय टॉपर चिंता कुमारी 80.20 प्रतिशत, सुप्रिया कुमारी द्वितीय 80 प्रतिशत व वर्षा कुमारी तृतीय हुई। प्रथम 33 एवं द्वितीय 04 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।

## ठाकुरगांव के प्रिंस साहू ने मैट्रिक में राज्य में आठवां स्थान लाकर क्षेत्र का नाम किया रोशन



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** ठाकुरगांव निवासी किसान कृष्णा साहू के पुत्र प्रिंस कुमार साहू ने मैट्रिक परीक्षा में झारखंड में आंठवा स्थान लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। छात्र प्रिंस कुमार साहू भवानी शंकर उच्च विद्यालय ठाकुरगांव का छात्र था। प्रिंस ने 483 अंक प्राप्त किया है। उसे 96 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। छात्र प्रिंस अभी तक मोबाइल फोन भी अपने पास नहीं रखता है। मंगलवार को भी आम दिनों की तरह प्रिंस अपने पिताजी के साथ पूरे दिन खेती में सहयोग कर रहा था। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों समेत शिक्षकों को दिया है। प्रिंस की मां रीता देवी गृहणी हैं।

## हादसा : ओरमांझी-सिकिदिरी पथ पर तेज रफ्तार कार ने बारातियों को रौंदा

# तीन की मौत, दर्जनों घायल, गुस्साए लोगों ने कार चालक को जमकर पीटा

**पिटाई से घायल कार चालक नाबालिग है और घटना के वक्त बेहद नशे में था**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदिरी।** ओरमांझी-सिकिदिरी पथ के सांडी गांव के हर्बल सिटी रेस्टोरेंट के समीप सिकिदिरी की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर बराती और शरातियों को रौंदा। जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। घटना सोमवार की रात लगभग एक बजे की है। जानकारी के अनुसार सांडी गांव निवासी कार्तिक महतो की पुत्री लीला कुमारी का विवाह हेतु अनगड़ा के लुपुंग गांव से बारात सांडी गांव आयी थी। लड़की पक्ष के द्वारा बरातियों का स्वागत कर अंदर पंडाल में ले जाने की तैयारी चल रही थी। उसी क्रम में कुटे की ओर से सिकिदिरी की ओर जा रही तेज रफ्तार कार नं. जेएच 01ई डब्लू 3505 ने विवाह घर के आगे खड़ी एक बाइक को ठोकर मारते हुए बराती व सरातियों को रौंदते हुए आगे निकल गयी। जिससे डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए। गुस्साए लोगों ने कार चालक की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गया है। उसे मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आरंभिक जांच से पता चला है कि कार चालक नाबालिग है और घटना के वक्त बेहद नशे में था। वह पांचा शराब पीने गया था। वहां नहीं मिलने पर शराब खरीदने सिकिदिरी की ओर जा रहा था। तभी यह हदसा हुआ। सूचना मिलने पर सिकिदिरी पुलिस तत्परता दिखाते हुए घटना स्थल पहुंची। सभी घायलों को अलग अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। रांची रिम्स में चार लोगों को भर्ती कराया गया था। जिसमें से तीन लोगों का इलाज के क्रम में मौत हो गई।

मृतकों में पांचा गांव निवासी बालेश्वर महतो पिता स्व. मुंशी महतो (43, शंकर महतो पिता स्व बाबूलाल महतो (42) ग्राम मासू (अनगड़ा), महेश महतो पिता दरोगा महतो (47) ग्राम बेड़वारी अनगड़ा शामिल हैं।

## मैट्रिक की परीक्षा में जीपी मध्य/हाई स्कूल हेसल अनगड़ा के विद्यार्थियों ने फिर लहराया परचम

**विद्यालय की छात्रा सादिया आफरीन ने 96.3 प्रतिशत अंक लाकर पूरे झारखंड में आठवां स्थान प्राप्त किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** जीपी मध्य/हाई स्कूल हेसल अनगड़ा के विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा में एक बार फिर परचम लहराया। स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा सादिया आफरीन ने 96.3 प्रतिशत अंक लाकर पूरे प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया। वहीं गौतम कुमार प्रमाणिक 95.8 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय का द्वितीय टॉपर बना जबकि खुशबू कुमारी 95.6 फीसदी अंक के साथ विद्यालय की तृतीय टॉपर बनी, पूजा कुमारी 94.2 फीसदी व स्नेहा प्रमाणिक 94.2 फीसदी अंक के साथ चौथा एवं आरती कुमारी ने 93.8 प्रतिशत अंक के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। राज्य में टॉप टेन पर रही सादिया आफरीन को हिन्दी में 98, अंग्रेजी में 97, गणित में 98, विज्ञान में 95, समाजिक विज्ञान में 93 एवं संस्कृत में 95 अंक प्राप्त हुआ। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव डॉ अमर कुमार चौधरी एवं प्राचार्य ब्रजेश कुमार महतो ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और अभिभावकों के सम्मिलित प्रयास से हासिल हुआ है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2023 में लगातार 25वें वर्ष प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में शामिल 57 परीक्षार्थियों में 50 प्रथम श्रेणी और 7 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण रहे। आरफी परवीन व रोनित कुमार गुप्ता 90 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रूप से विद्यालय के टॉपर बने। जबकि नाजिया परवीन 89.6 प्रतिशत, हुस्ना हसीबी 88.8 प्रतिशत, निम्मी कुमारी 88.40 प्रतिशत और मुस्कान कुमारी 87.8 प्रतिशत लाकर क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। छात्रों की सफलता पर पिठोरिया एजुकेशनल फाउंडेशन के निदेशक सुजीत कुमार केशरी, दीपक चौरसिया व शेखर कुमार ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया है। साथ ही छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की गई है। गौरतलब है कि 25 वर्ष में इस विद्यालय से 1080 छात्र मैट्रिक के परीक्षा पास कर चुके हैं जिसमें 704 प्रथम, 336 द्वितीय और 40 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण रहे हैं।

## लापुंग के कातिंगकेला में जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष उलझे, जम कर हंगामा



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग थाना क्षेत्र के कातिंगकेला गांव में मंगलवार की सुबह दो समुदाय के लोग आपस में उलझ गए। वहीं सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष निकल गये। जिसके बाद जमकर हंगामा होता रहा। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मामला जमीन विवाद का है। इस मामले में एक पक्ष का कहना है कि उक्त जमीन कहार जाति का खतियानी है। लेकिन अभी तत्काल में दूसरे पक्ष के नाम इस जमीन के सादा पट्टा 1942 के आधार पर रसीद कट रहा है। जबकि जमीन मालिक के वंशज का कहना है उक्त जमीन को जमीन मालिक ने नहीं बेचा है। इस मामले में पहले पक्ष का कहना है कि जब तक कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता है तब तक किसी तरह का निर्माण नहीं किया जाए। जबकि दूसरे पक्ष के द्वारा जमीन की साफ-सफाई की जा रही थी। इसी दौरान दोनों पक्ष के दर्जनों की संख्या में महिला-पुरुष जमा हो गए और विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद दोनों पक्ष के ग्रामीण लापुंग थाना पहुंचे थे। लापुंग थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाई जिस कारण किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं घटी। दोनों पक्ष के बीच आपसी समझौता के लिए विचार-विमर्श चलता रहा।

## कार्यक्रम : नगड़ी में शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा झूलन के साथ संपन्न

# नंगे पांव अग्नि पर चलकर दिया भक्ति का परिचय

**मंडा पूजा समाजिक समरसता व धार्मिक पवित्रता का प्रतीक है : संजय सेठ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी में मंगलवार को शिवोपासना का पर्व मंडा पूजा झूलन के साथ संपन्न हुआ। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भोक्ताओं ने झूलन में भाग लिया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रांची सांसद संजय सेठ, हटिया विधायक नवीन जयासवाल, जिला परिषद सदस्य निर्मला भगत, भाजपा नेत्री सीमा शर्मा, शोभा यादव, आजसू पार्टी के हटिया प्रभारी भरत काशी, जोहार पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष कुशवाहा, विजय महतो, शशांक शर्मा, ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ त्रिवेणी नाथ साहू, भाजपा नेत्री सीमा शर्मा, जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय कुमार सहित अन्य अतिथियों ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मंडा पूजा समाजिक समरसता के साथ-साथ शिव मंडा पूजा धार्मिक पवित्रता का प्रतीक है। यह पर्व प्रकृति पूजन के साथ हर मानव का महत्व को दर्शाता है। पिछले कई सालों से नगड़ी प्रखंड का ऐतिहासिक शिव मंडा पूजा होती आ रही है। यह पर्व भगवान भोले शंकर के प्रति अटूट आस्था और विश्वास का पर्व है। इससे पूर्व सोमवार की रात्रि को गोसाईं ने विधि-विधान से धुआं सुवां तथा फुलखुंदी कार्यक्रम कराया। जिसमें सैकड़ों भोक्ता और सोक्ताइनों ने नंगे पांव अग्नि में चलकर भक्ति का परिचय दिया।

मौके पर मंडा पूजा को सफल बनाने में मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष दिनेश केशरी, महामंत्री प्रभात महतो, कोषाध्यक्ष मनीष केशरी, कैलाश साहू, दौलतराम केशरी, चूड़ामणि महतो, तपेश्वर केशरी, बलकरण महतो, शशिभूषण भगत, केदार महतो, रघुनंदन महतो, महाबीर महतो, प्रेमसागर महतो, राजेश महतो, दीपक केसरी, तपोश केसरी, जलधर महतो, मंजीत उरांव, गणेश पहान, शीला देवी, अरुण प्रमाणिक, परमानंद केशरी, प्रो प्रेमसागर केशरी पवन, बंधन महतो, रघुनंदन महतो, दीपक केशरी, गिरधारी गोप, आदित्य केशरी, रवि कुमार, बसंत उरांव, अमर महतो, धर्म महतो, उत्तम महतो, राजकुमार महतो, छेदी राम, आदित्य केसरी, लक्ष्मी नाथ महतो, पंकज राज, राहुल चौधरी, गिरधारी गोप, महावीर महतो, अयोध्या महतो, लाला चौधरी, राजू मुंडा, रामरतन महली, शंभु महतो, गणेश महतो, तिलुवा महतो, सबुरा महतो, मधु महतो, बिरसा महतो, जयनाथ महतो सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जनजागरण के तहत हरातू बस्ती में चलाया गया जागरूकता अभियान



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** ऑपरेशन जन जागरण के तहत रेलवे स्टेशन टाटीसिल्वे के समीप हरातु बस्ती में रेलवे सुरक्षा को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान में वंदे भारत ट्रेन के संचालन मद्देनजर आरपीएफ पोस्ट रांची के अधिकारी और कर्मचारियों रेलवे स्टेशन टाटीसिलवे के पास उप प्रमुख नामकुम, मुखिया सिल्वे, मुखिया आरा, मुखिया महिलौंग, मुखिया टाटी पूर्वी, मुखिया टाटी पश्चिमी, पंसस टाटी पश्चिमी, पंसस सिलवे, सांसद और विधायक के प्रतिनिधि की उपस्थिति में चलाया गया। जिसमें चलती ट्रेन पर पथराव नहीं करने, चलती ट्रेन पर न चढ़ने/उतरने, आरती ट्रेन के वक्त रेलवे ट्रैक न पार करने, अजनबियों से कोई खाद्य पदार्थ न लेने के लिये जागरूक किया गया। वहीं, आपातकाल के मामले में 139 उपस्थित लोगों ने टीम से रेलवे स्टेशन टाटीसिलवे पर कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनों का व्यावसायिक ठहराव प्रदान करने का भी अनुरोध किया। टाटीसिल्वे समाजसेवी अरविंद महतो ने बताया कि उन्होंने पहले ही रांची जीएम और डीआरएम को एक ज्ञापन सौंपा है।

### नेशनल पीपुल्स पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक आयोजित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** मेघालय मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष नेशनल पीपुल्स पार्टी के कोनराड संगमा 10 राज्यों के प्रदेश कार्यसमिति को बुलाया। मेघालय में सरकार बनाने के पश्चात अन्य राज्यों में नेशनल पीपुल्स पार्टी जोर-शोर से लगी है। आगामी 2024 में लोकसभा चुनाव को देखते हुये राष्ट्रीय कार्यसमिति ने महत्वपूर्ण कार्यभार संभाला कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर पूर्वी राज्यों के राज्य प्रतिनिधि, 4 राज्यों के विधायक, सांसद बैठक में शामिल हुये। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार पोद्दार ने कहा कि बीते 10 वर्षों में नेशनल पीपुल्स पार्टी राज्य में 12 जिलों में अपना परचम लहराई है। पार्टी की आदिवासी बहुल क्षेत्रों में चुनाव में सकारात्मक भूमिका रहेगी। प्रदेश महासचिव अमर महतो ने कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है। अधिकारों का हनन सबसे ज्यादा इसी राज्य में हुआ है। प्रदेश प्रवक्ता सुमन बाड़ा एवं गवरीअल खाखा ने कहा कि राज्य में नेशनल पीपुल्स पार्टी विकल्प के रूप में नेतृत्व का कार्य करेगी और राजनीतिक में सकारात्मक युवा की भूमिका को मजबूत करने का प्रयास करेगी। जल्द झारखंड राज्य में भी एक विशाल सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। समाजसेवियों से संपर्क किया जा रहा है। ताकि नेतृत्व की भूमिका में नई दिल्ली से साथ सामंजस्य स्थापित हो सके।

### माहेर आश्रम में आशीर भवन का उद्घाटन




**चान्हो (आजाद सिपाही)।** बीजूपाड़ा स्थित माहेर आश्रम में मगंलवार को आशीर भवन का उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पिपरवार एरिया के महाप्रबंधक चंद्र भूषण सहाय ने कहा कि माहेर आश्रम समाज के निचले तबके के बच्चों के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। यह काफी सराहनीय है। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि जो बच्चे समाज से अलग थलग रहते हैं उन्हें यहां लाकर संवारा जाता है। मैं बच्चों की मदद के लिए हमेशा तैयार हूं। तीन हजार बच्चे यहां से निकल कर माहेर का नाम रौशन कर रहे हैं। ऐसे कार्य करने वाले को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। यह संस्था सात राज्यों में संचालित की जा रही है। साथ ही उन्होंने लूसी कुरियन को 12वें स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी। मौके पर मिनिता सहाय, माहेर आश्रम की संस्थापिका एवं संचालिका सी. लूसी कुरियन, प्रशांत, अमोल, मंगेश, फुलमनी देवी, नीरा मिंज, राजेश कुमार, जावेद खान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### मैट्रिक में ठाकुरगांव क्षेत्र के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में क्षेत्र के स्कूलों के छात्रों ने उत्कृष्ट सफलता पाई है। निश्चल मेमोरियल उच्च विद्यालय पिठोरिया के 48 छात्रों में से सभी ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल के छात्र कार्तिक गोप ने 90.6 प्रतिशत, प्रियंका कुमारी ने 88.8 प्रतिशत तथा संजना मुंडा 87 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बने। किसान उच्च विद्यालय पिठोरिया के 75 छात्रों में से 66 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल के अंकित कुमार 92 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बने हैं। साइंस विजन पब्लिक स्कूल मारवा के 45 छात्रों में से 43 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल की छात्रा नाज परवीन ने 90 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी। वहीं नव पालव मॉडर्न पब्लिक स्कूल बरौदी के 47 छात्रों में से 43 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई। स्कूल के छात्र प्रशांत 92 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बने। वहीं दूसरी ओर न्यू ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल बूढ़ीबागी के 50 छात्रों में से 45 ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल का छात्र निसार अंसारी 86 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना। छात्रों की सफलता पर शिक्षकों ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## पड़हा जतरा समारोह को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दो अलग- अलग जगहों बेड़ो बाजार टांड़ व बारीडीह जतरा मैदान में आगामी 3 जून को होनेवाले वार्षिक पड़हा जतरा समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंगलवार को बेड़ो थाना परिसर में थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर केंद्रीय पड़हा समिति के संरक्षक सह पूर्व वीसी डा रवीन्द्र नाथ भगत, जुगेश उरांव, 21 पड़हा राजा पश्चिमी महादेव उरांव, 12 पड़हा राजा विशाल उरांव, 10 पड़हा राजा कोमल उरांव, धनंजय कुमार राय, राकेश भगत, मनोज लकड़ा, मुन्ना बड़ाईक, विश्वनाथ गोप, राखी भगत, भीखा उरांव, जगरनाथ भगत, चरवा उरांव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।


## शपथ पत्र



शपथ पत्र संख्या 0769 दिनांक 22 मई 2023 के अनुसार मैं आलिया परवीन, पिता- शेख हफीज, निवासी ग्राम-किन्दिरकेला, पो.- मोरेंग, थाना-बसिया, जिला- गुमला- 835229, झारखंड एतद्वारा शपथपूर्वक ब्यान देती हूं, जो मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है।

1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं एवं उपरोक्त वर्णित पते की निवासी हूं।
2. यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड बना हुआ है, जिसका संख्या- 6106 2139 2237 है, जिसमें मेरा नाम- आलिया परवीन अंकित है।
3. यह कि लाडली लक्ष्मी योजना के कागजात में मेरा नाम- इब्सा प्रवीण अंकित है, जो कि मेरी वास्तविक नाम है। जिसका खाता संख्या-8600120008 है।
4. यह कि मैं इब्सा प्रवीण के नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूं तथा मेरी यही वास्तविक नाम है।
5. यह कि मैं यह शपथ-पत्र अपनी सही दस्तखत से संपन्न कर सक्षम पदा. के समक्ष दाखिल करती हूं, ताकि मेरे आधार कार्ड में आलिया परवीन के जगह मेरा वास्तविक नाम- इब्सा प्रवीण अंकित किया जा सके एवं सुधार किया जा सके।
6. यह कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी में बिल्कुल सही एवं सत्य है।

